aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Chittrakala Pravidhik

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Drawing

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

सत्र–2026–27

कक्षा–12

चित्रकला (प्राविधिक)

संकेतांक–336

समयः 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक–100**

निर्देशः– 1. सम्पूर्ण प्रश्न पत्र छः खण्डों में विभाजित है सभी खण्ड अनिवार्य है।

2. रफ कार्य साधारण श्वेत पत्र पर कीजिए और उस पर अनुक्रमांक लिखकर संलग्न कीजिए।

3. मूल्यांकन में सुन्दर संयोजन, स्वच्छता तथा सुन्दर कार्य के लिए विशेष अंक दिया जायेगा।

4. दी हुई रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ तथा अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट हों।

5. अपना अनुक्रमांक मुखपृष्ठ एवं उसमें रखे प्रत्येक ड्रांइग शीट पर स्पष्ट रूप से अंकों तथा शब्दों में ऊपर दाहिने कोने पर लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से स्पष्ट हस्ताक्षर भी करवाइये।

खण्ड–अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न — 10 अंक

(i) वर्ग का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है? 1

(अ) 30° (ब) 40° (स) 60° (द) 90°

(ii) किसी सममितीय दृश्य में एक साथ कितनी विमाएँ मिलती हैं? 1

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

(iii) दीर्घ वृत्त में, लघु अक्ष एवं दीर्घ अक्ष एक दूसरे को जिस कोण पर काटते हैं, वह है– 1

(अ) 60° (ब) 45° (स) 90° (द) 80°

(vi) किसी गोले का उत्सेध एवं अनुविक्षेप क्या होगा? 1

(अ) वृत्त/वृत्त (ब) वृत्त/वर्ग (स) वृत्त/आयत (द) वृत्त/त्रिभुज

(v) तिरछे अक्षरों की लेखन शैली को कहते हैं? 1

(अ) इटैलिक (ब) गॉथिक (स) रोमन (द) आधुनिक

(vi) किसी आयत का अनुविक्षेप तथा उत्सेध क्या होगा? 1

(अ) आयत/त्रिभुज (ब) आयत/वृत्त (स) आयत/वर्ग (द) आयत/आयत

(vii) सममितीय विक्षेप में किस कोण का प्रयोग करते हैं? 1

(अ) 60° (ब) 30° (स) 75° (द) 45°

(viii) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों की ऊचॉई कितने खानों की होती है? 1

(अ) 5 (ब) 7 (स) 4 (द) 8

(ix) प्रत्येक दो अक्षरों के बीच कितने खानों का रिक्त स्थान छोड़ते हैं 1

(अ) 2 (ब) 4 (स) 1 (द) 3

(x) षट्भुजाकार समपार्श्व में कुल कितने आयताकार फलक होते हैं? 1

(अ) आठ (ब) छः (स) पाँच (द) चार

खण्ड–ब

2.(क) 3.5 सेमी0 की ऊँचाई में छापे वाले बड़े अक्षरों में प्रकाश व छाया युक्त हिन्दी अथवा अंग्रेजी में ''संगीत'' अथवा ''MUSIC'' शब्द लिखिए। 6

(ख) 10 मिमी की ऊँचाई में हिन्दी अथवा अंग्रेजी की तिरछी छपाई वाले अक्षरों में निम्नलिखित वाक्य लिखिए। 6

''उपदेश करने से स्वयं करना भला''

अथवा

''Example is better than precept''

खण्ड–स

3. एक दीर्घ वृत्त खींचिए जिसके दीर्घ तथा लघु अक्ष क्रमशः अ ब 7.5 सेमी0 तथा स द 6 सेमी0 है। दीर्घ वृत्त पर बिन्दु 'प' पर एक स्पर्श रेखा खींचिए। 16

अथवा

काटने वाली रेखाओं द्वारा एक दीर्घ वृत्त खींचिए जिसके दीर्घ अक्ष तथा लघु अक्ष अ ब=9 सेमी0 स द=6 सेमी0 हैं। दीर्घ वृत्त पर बिन्दु K पर एक स्पर्श रेखा खींचिए। 16

खण्ड–द

4. 4 सेमी0 भुजा के घन का अनुविक्षेप तथा उत्सेध की रचना कीजिए। यह अपने एक कोर पर टिका है जो ऊर्ध्वाधर तल के लम्बवत हैं इसका एक फलक क्षैतिज तल से 40° का कोण बनाता है। अक्ष ऊर्ध्वाधर के समान्तर है। 16

अथवा

एक शंकु का अनुविक्षेप तथा उत्सेध बनाइए जबकि उसका आधार तल ऊर्ध्वाधर समतल के साथ 60° के कोण पर झुका हुआ है और इसका अक्ष क्षैतिज समतल के बराबर है। शंकु के आधार का व्यास 5 सेमी0 तथा ऊँचाई 7 सेमी0 है। 16

खण्ड–ई

5. एक बैठने वाले पीढ़े का सममिति चित्र बनाइए। पीढ़े की लम्बाई=6 सेमी0, चौड़ाई=3 सेमी0 तथा ऊँचाई= 1.5 सेमी0 है। 16

अथवा

अंग्रेजी के अक्षर 'D' का सममिति चित्र बनाइए। अक्षर की चौड़ाई 4 सेमी0 तथा ऊँचाई 7 सेमी0 है। अक्षर 'D' की काट 1 वर्ग सेमी0 है। 16

खण्ड–फ

निम्न में से किसी एक का चित्र बनाना है–

6. हैण्डमेड पेपर, कार्ट्रिज अथवा पेस्टल कागज पर अपने सम्मुख रखी हुई वस्तु समूह का चित्रण कीजिए तथा पोस्टर रंग, जलरंग, पेस्टल रंग, आयल पेस्टल अथवा कलर पेंसिल से बनाइए। चित्र 25 सेमी0 से छोटा न हो। वस्तु समूह के साथ पृष्टभूमि के अर्न्तगत वस्तु विन्यास तथा अग्र भूमि का उचित चित्रण कीजिए।

(क) वस्तुओं का उचित आकार एवं अनुपात। 10

(ख) वस्तुओं के वास्तविक रंग से समीपता को ध्यान में रखते हुए सही छाया, प्रकाश एवं प्रतिच्छाया अंकन 15

(ग) वस्तु संयोजन 5

अथवा

प्रकृति चित्रण

दिये गये ड्रांइग शीट पर अपने सामने रखे हुए पुष्प पौधे में से कम से कम एक पुष्प, एक कली और चार पाँच पत्तियों की टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों के निकास कोण, रंग और रेशे उचित ढंग से चित्रित हुए दिखाई दें। चित्र को जल रंग अथवा पेस्टल रंग द्वारा पूर्ण कीजिए। चित्र 25 सेमी0 से छोटा न हो। पत्ते और पुष्पों की ताजगी तथा रंग अपने प्राकृतिक रूपों में दिखाने का प्रयास करें। चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान दीजिए।

(क) पौधे का उचित आकार, रेखांकन एवं प्राकृतिक रूप विन्यास 10

(ख) पारदर्शी एवं आकर्षक रंग योजना 15

(ग) प्राकृतिक सौष्ठव एवं निकास कोण 05

अथवा

स्मृति–चित्रण

दिये गये ड्राइंग कागज पर निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल अथवा चारकोल से बनाइए। चित्र की नाप 20 सेमी0 से कम न हो। 30

(क) स्कूल जाता हुआ लड़का

अथवा

क्रिकेट खेलते हुए बच्चे

(ख) केला या खरबूज

(ग) प्लेट में सेब और चाकू

(घ) खरगोश या गिलहरी

(ड.) बाल्टी या सुराही

अथवा

प्राकृतिक दृश्य–चित्रण

दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी×15 सेमी के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य–चित्रण तैयार कीजिए। चित्रांकन का माध्यम जल रंग, पोस्टर रंग अथवा अन्य कोई माध्यम हो सकता है। दृश्य चित्रण के माध्यम का चुनाव एवं संयोजन सुन्दर एवं आकर्षक होना चाहिए।

(i) मन्दिर की ओर जाती एक स्त्री।

(ii) नदी किनारे कपड़े धोती स्त्री।

(iii) पहाड़ों के पीछे सूर्योदय का दृश्य।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान दीजिए।

(क) सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य	10
(ख) उपयुक्त संयोजन	05
(ग) सुसंगत रंगों का उपयुक्त चयन एवं प्रयोग	10
(घ) वातावरण का सही दृश्यांकन	05